**MP METRO NEWS**

**01st July,2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 01 .07.2024 | 7 | मेट्रो इंदौर वासियों के लिए कितनी उपयोगी, ये बताएगा आरडीएसओ | Neutral |


बदलते जमाने का अखबार

पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 7 July 01, 2024


### कवच तकनीक को विकसित करने के साथ संगठन ने तैयार की कई डिजाइनें

# मेट्रो इंदौर वासियों के लिए कितनी उपयोगी, ये बताएगा आरडीएसओ


शैलेन्द्र वर्मा • इंदौर

मो.नं. 9584460010


पीपुल्स समाचार विशेष

इंदौर मेट्रो की डिजाइन इंदौरवासियों के उपयोग हिसाब से कितनी उपयोगी है, इसकी जांच रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन लखनऊ द्वारा जल्द ही की जाएगी। पूरे भारत में भारतीय रेल के लिए तकनीक और डिजाइन के क्षेत्र में काम करने वाले इस संगठन ने कवच तकनीक को विकसित किया है। इसके साथ ही वंदे भारत ट्रेन, स्टाडोम, एलबीएच कोच सहित कई डिजाइनें तैयार की हैं।

ये डिजाइनें यात्रियों के सफर को आरामदायक बनाने के साथ सुविधाजनक भी बना रही हैं। मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड को मेट्रो का पब्लिक रन शुरू करने से पहले रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन लखनऊ से प्रमाणिकरण लेना होगा। इसके बाद मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर निरीक्षण करेंगे।



## कम्पनी को दो संस्थाओं से लेना होगा प्रमाणीकरण

मेट्रो ट्रेन की सेवा नागरिकों के लिए शुरू करने से पहले मेट्रो रेल कम्पनी को दो संस्थाओं से प्रमाणीकरण लेना अनिवार्य होगा। मेट्रो रेल कार्पोरेशन तेजी से दोनों परीक्षण कराने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर के निरीक्षण से पहले इंदौर मेट्रो का परीक्षण रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन लखनऊ टीम द्वारा किया जाएगा। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के तकनीकी डायरेक्टर शोभित टंडन ने बताया कि अगस्त माह में यह टीम इंदौर आ सकती है। हमारे सभी ट्रायल तय समय अवधि में पूरे हो रहे हैं। इंदौर और भोपाल मेट्रो ट्रेन की डिजाइन पर निर्माण से पहले आरडीएसओ द्वारा अप्रूअल दिया गया था। अब जब निर्माण पूरा होने जा रहा है और नागरीकों के लिए मेट्रो सुविधा आरंभ करने की तैयारी की हो रही है। इसके पहले आरडीएसओ बताया जाएगा कि उसके मानक और अप्रू डिजाइन के अनुसार मेट्रो का निर्माण किया गया है या नहीं।

## आरडीएसओ इस प्रकार करेगा मेट्रो का परीक्षण

इस दौरान यह देखा जाएगा कि यात्री मेट्रो में सफर करेंगे तो उनके उपयोग में आना वाला क्षेत्र देश भर की मेट्रो स्टैंडर्ड के अनुसार है। उदाहरण के तौर पर दिल्ली मेट्रो के स्टेशन पर यात्रियों को मेट्रो प्लेटफार्म तक कैसे पहुंचना है, कौनसी लाइन की मेट्रो के लिए किस दिशा में जाना है, दिव्यांगों को कैसे यात्रा करना है, इसके लिए फर्श पर पैरों के पंजे बनाकर समझाया गया है। उसी तरह इंदौर मेट्रो में यात्रियों इन सुविधा का ध्यान रखा जाएगा।

## परीक्षण की हो रही तैयारी

इंदौर और भोपाल के लिए आरडीएसओ परीक्षण की तैयारी की जा रही है। भारतीय रेल और मेट्रो से जुड़े डिजाइन का प्रमाणीकरण आरडीएसओ द्वारा किया जाता है। आम नगारिकों के लिए मेट्रो शुरू करने के पहले यह अनिवार्य और महत्वपूर्ण जांच प्रकिया है।

**शोभित टंडन**, तकनीकी डायरेक्टर

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | पत्रिका | इंदौर | 01.07.2024 | II | मेट्रो ट्रायल: इस हफ्ते रहेगा ब्रेक, अब पब्लिक अनाउन्स्मेन्ट सिस्टम-सीसीटीवी की होगी टेस्टिंग | Neutral |

INDOREPRIME इंदौर प्राइम II
पत्रिका patrika.com
इंदौर, सोमवार 01 जुलाई 2024

## सीएमआरसी की अनुमति के बाद कमर्शियल रन

# मेट्रो ट्रायल: इस हफ्ते रहेगा ब्रेक, अब पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम-सीसीटीवी की होगी टेस्टिंग

इंदौर. गांधी नगर डिपो से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नं. 3 तक 5.9 किमी में दिसंबर तक मेट्रो के कमर्शियल रन के दावे को पूरा करने के लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन तेजी से काम कर रहा है। 27 जुलाई को पहली बार 90 किमी प्रति घंटे की स्पीड से मेट्रो ट्रायल के बाद हर दूसरे दिन ट्रायल किया जा रहा है, ताकि ट्रैक की स्थिति, सिविल स्ट्रक्चर, थर्ड रेल (ट्रैक पर बिजली की लाइन) सहित अन्य कार्यों की



कमी दूर की जा सके।

**जुलाई के पहले सप्ताह से मुख्य काम :** 90 किमी प्रति घंटे के हिसाब से डिजाइन इंदौर मेट्रो को अधिकतम 80 किमी प्रति घंटे की स्पीड से चलाने की अनुमति मिली है। पैसेंजर बैठने पर 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ही मेट्रो चलेगी। जुलाई के पहले सप्ताह में 10 से 90 किमी प्रति घंटे की स्पीड पर ब्रेक टेस्ट किए जाएंगे। साथ ही पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, सीसीटीवी की टेस्टिंग भी की जाएगी। सभी टेस्ट पूरे होने के बाद सिक्योरिटी क्लीयरेंस के लिए सीएमआरसी को रिपोर्ट भेजी जाएगी। सीएमआरसी की टीम आएगी। यहां से अनुमति मिलने के बाद कमर्शियल रन हो सकेगा।

**MP METRO NEWS**

**04th July,2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | नई दुनिया | इंदौर | 4.07.2024 | 04 | बजट की राशि से मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू करने में अब होगी आसानी | Positive |



## बजट आपके लिए

www.naidunia.com

# बजट की राशि से मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू करने में अब होगी आसानी

## 5.9 किमी के प्रायोरिटी कारिडोर पर दिसंबर तक चलेगी ट्रेन

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः मेट्रो रेल प्रबंधन द्वारा इंदौर व भोपाल में कमर्शियल रन किए जाने की तैयारी है। इंदौर में सुपर कारिडोर स्थित 5.9 किलोमीटर के प्रायोरिटी कारिडोर पर दिसंबर तक यात्रियों के लिए मेट्रो ट्रेन संचालित की जानी है। प्रदेश के बजट में इसे प्रमुखता से लिया गया है। दूसरी ओर प्रदेश सरकार ने इंदौर व भोपाल मेट्रो के लिए इस बजट में 1160 करोड़ रुपये की राशि तय की है। ऐसे में इंदौर में मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर पर ट्रेन संचालन के लिए स्टेशन पर जो भी सुविधाएं जुटानी हैं, स्टाफ की नियुक्तियां की जानी है, वह पूरी की जाएंगी।

मेट्रो संचालन के लिए राज्य सरकार के अलावा केंद्र सरकार व एशियन डेवलपमेंट बैंक व न्यू डेवलपमेंट बैंक से लोन लिया गया है। हर वर्ष मेट्रो प्रोजेक्ट की एक वर्ष की तय कार्यसीमा के अनुसार बजट की राशि संबंधितों से मिलती है। आगामी एक वर्ष के लिए मेट्रो प्रबंधन द्वारा राज्य सरकार से 1160 करोड़ की मांग की गई थी। बजट में यह राशि जारी की गई है। करीब इतनी ही राशि केंद्र सरकार से भी मिलेगी। इसके अलावा बैंक भी अपने कर्ज के हिस्से की राशि देंगे। पिछले वर्ष राज्य शासन ने इंदौर व भोपाल मेट्रो निर्माण कार्य के लिए करीब 900 करोड़ रुपये की राशि बजट में तय की थी।



प्रदेश के बजट में राशि आवंटित होने से इंदौर में मेट्रो ट्रेन के काम को गति मिलेगी। • नईदुनिया

**इंदौर मेट्रो रेल परियोजना**

कुल लागत
7500 करोड़ रुपये

केंद्र सरकार देगी
2150 करोड़ रुपये

राज्य सरकार देगी:
2150 करोड़ रुपये

न्यू डेवलपमेंट बैंक कर्ज:
1600 करोड़ रुपये

एशियन डेवलपमेंट बैंक कर्ज
1600 करोड़ रुपये।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 5.07.2024 | 02 | मेट्रो ट्रेन : अब मोड़ और स्लोप पर ब्रेक के साथ होगा स्पीड टेस्ट | Neutral |

दैनिक भास्कर इंदौर 05-07-2024

Pg-02

# मेट्रो ट्रेन : अब मोड़ और स्लोप पर ब्रेक के साथ होगा स्पीड टेस्ट

भास्कर संवाददाता | इंदौर

सुपर कॉरिडोर पर 90 किमी प्रति घंटा से डिजाइन स्पीड पर मेट्रो ट्रेन चलाने के बाद अब ब्रेक लगाकर ट्रायल किया जाएगा। ट्रैक पर कई जगह मोड़ आएंगे। ऐसे में ब्रेक लगाने पर झटका नहीं लगना चाहिए, इसीलिए ऑसिलेशन ट्रायल में स्लोप व मोड़ पर स्पीड तय की जाएगी। जिस स्पीड पर सबसे ज्यादा आरामदायक सफर होगा, वही स्पीड फिक्स की जाएगी।

**90** किमी /घंटा से ट्रायल हो चुका

**05** महीने बाद है कमर्शियल रन

कमर्शियल ट्रायल के दो महीने पहले इसके ट्रायल होते हैं। इंदौर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने दिसंबर 2024 में सुपर कॉरिडोर पर कमर्शियल रन का टारगेट तय किया है, इसलिए सितंबर-अक्टूबर में आरडीएसओ की टीम की मौजूदगी में इसके ट्रायल होंगे।

**METRO NEWS**

**09th July,2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | पत्रिका | इंदौर | 9.07.2024 | 04 | खुलेंगे नौकरियों के दरवाजे, 4 हजार की नियुक्तियां | Neutral |

सिटी बुक CITY BOOK | पत्रिका इंदौर, मंगलवार 09 जुलाई 2024

Pg-04

#CityMetro इंदौर-भोपाल मेट्रो के लिए तैयारी, विक्रम अवार्डी को मिलेगी वरीयता

# खुलेंगे नौकरियों के दरवाजे, 4 हजार की नियुक्तियां

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** इंदौर व भोपाल में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। इंदौर में गांधीनगर से 5.8 किलोमीटर के हिस्से में इसी साल मेट्रो का संचालन शुरू करने की तैयारी है। मेट्रो के लिए इंदौर व भोपाल में करीब 4 हजार कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। मेट्रों में नौकरियों के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है, पहली बार विक्रम अवार्ड जीतने वाले उम्मीदवारों को नौकरी में वरीयता दी जा रही है।

मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने फिलहाल जनरल मैनेजर, सहायक जनरल मैनेजर, सहायक मैनेजर के साथ ही सुपरवाइजर, मेंटेनर, सीनियर सुपरवाइजर सिक्योरिटी, जूनियर सहायक की पोस्ट पर वैकेंसी निकाली है। मेट्रो प्रोजेक्ट के शुरू होने पर तकनीकी दक्षता के आधार पर नियुक्ति की गई थी, अब संचालन को वैकेंसी निकाली जा रही है।



## दोनों शहर के लिए 4 हजार नौकरी

भोपाल व इंदौर में मेट्रो के संचालन के लिए करीब 4 हजार कर्मचारी-अधिकारी तैनात रहेंगे। हर स्टेशन की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्तियां होगी। साथ ही सफाई, सुरक्षा आदि के लिए कर्मचारियों को निजी एजेंसी के माध्यम से तैनात किया जाएगा।

## कोरोनाकाल का भी लाभ

प्रतिनियुक्ति पर 3 से 5 साल के लिए नियुक्ति दी जाएगी। पोस्ट की अलग-अलग उम्र सीमा तय की गई है। उम्र सीमा में तीन साल का लाभ दिया जा रहा है। जिस पर अधिकतम उम्र 40 वर्ष तय है उसमें कोरोनाकाल को देखते हुए 3 साल की रियायत देते हुए 43 साल किया गया है। विक्रम अवार्डी की उम्र सीमा 50 साल व कोरोनाकाल के कारण 3 साल अतिरिक्त का लाभ दिया है। मेट्रो के डायरेक्टर शोभित टंडन के मुताबिक, विक्रम अवार्ड वालों के लिए रियायत की गई है।

**MP METRO NEWS**

**11th July,2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | पत्रिका | इंदौर | 11.07.2024 | 03 | मिट्टी परीक्षण से जांचेंगे पिलर की मजबूती, कार्य मे तेजी | Neutral |



#CityMetro: मेट्रो के दूसरे चरण का काम तेज, 24 घंटे 150 से अधिक कर्मचारी कर रहे काम

# मिट्टी परीक्षण से जांचेंगे पिलर की मजबूती, कार्य में तेजी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. मेट्रो के तीसरे चरण के अंडरग्राउंड रूट को लेकर चल रहे मंथन के बीच दूसरे चरण में मेट्रो का काम रफ्तार से चल रहा है। शहीद पार्क से रोबोट चौराहे तक के बीच कुल 500 मीटर तक एलिवेटेड कॉरिडोर का काम हो चुका है। शहीद पार्क मेट्रो स्टेशन के दूसरे फ्लोर का काम भी जारी है। वहीं रोबोट चौराहे से खजराना चौराहे तक 300 मीटर में मेट्रो एलिवेटेड कॉरिडोर के पिलर के लिए मिट्टी परीक्षण किया जा रहा है।

## पहले चरण की लेटलतीफी से लिया सबक, अब तेजी

दूसरे चरण का काम यूआरसी कंस्ट्रक्शन कंपनी 543 करोड़ रुपए की लागत से कर रही है। पहले चरण के काम में लेटलतीफी के चलते दूसरे चरण का काम तेजी से किया जा रहा है, ताकि तीन साल में काम पूरा किया जा सकें। अभी शहीद पार्क से खजराना चौराहे तक करीब एक किमी में 150 से अधिक कर्मचारी हैं। इस पर ट्रैक, थर्ड लेन, सिग्नलिंग, फिनिशिंग कार्य बाकी है।



## अभी यह है कार्य की स्थिति

रोबोट चौराहे तक एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के बाद ट्रैफिक डायवर्जन सहित अन्य बाधा होने के कारण काम अभी शुरू नहीं किया गया। पिलर के लिए मिट्टी परीक्षण का काम चल रहा है। पिलर के लिए नीचे ठोस जमीन न पाए जाने पर उसे केमिकल डालकर दो से तीन दिन में ठोस बनाया जा रहा है।



| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | Free Press | Indore | 22.07.2024 | 02 | Officials warn of Metro ‘recruitment scam’ | Neutral |

**indore**
Indore, Monday, 22 July 2024

Pg-02

www.freepressjournal.com

# Officials warn of Metro ‘recruitment scam’

**Our Staff Reporter**
INDORE

The Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) is now inviting applications for several vacancies on various posts following which they have issued an advisory in public interest that there are some unauthorised individuals in the city who are posing as HR of MP Metro and doing scams. 'It has come to our attention that unauthorised individuals with malicious intentions are posing as HR representatives from MPMRCL and conducting fraudulent recruitment campaigns,' Metro officials said.

'To ensure your safety and avoid any deception, please follow only official updates and announcements from our authorised MPMRCL website and social media handles,' they added. In the advisory, it was informed to the public that some unscrupulous elements are trying to deceive candidates/public by false promises of securing a job for them in MP Metro either through influence or by use of unfair/unethical means.

They strictly motioned in the advisory that MPMRCL has not appointed any agency or coaching centres for recruitment on its behalf. All recruitment related notifications are only mentioned or updated on website of the corporation. They requested public to not fall prey to any such claims made by any individual or agency on behalf of Metro.

**MP METRO NEWS**

**29th July 2024**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | पत्रिका | इंदौर | 29.07.2024 | 2 | विशेषयज्ञों ने लिया चेन्नई मेट्रो का जायजा, अन्डरग्राउन्ड स्टेशन मे बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं | Neutral |

पत्रिका

**विशेषज्ञों ने लिया चेन्नई मेट्रो का जायजा, अंडर ग्राउंड स्टेशन में बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं**

# मेट्रो में चेन्नई सा मल्टी लेवल पार्किंग प्लान, लोक परिवहन को मिलेगी जगह



प्रमोद मिश्रा
patrika.com

**इंदौर.** चेन्नई मेट्रो में मल्टी मॉडल के तहत मल्टी लेवल पार्किंग के साथ लोक परिवहन के लिए सुविधाओं का समायोजन है। इसी तर्ज पर इंदौर व भोपाल मेट्रो स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ाने की तैयारी है। जहां स्टेशन बन गए हैं, उनके 300 मीटर में सरकारी जमीन तलाशी जा रही है। अंडर ग्राउंड स्टेशन में पार्किंग सुविधा जोड़ी जाएगी।

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी सीबी चक्रवर्ती, डायरेक्टर अजय शर्मा के साथ इंदौर-भोपाल मेट्रो में व्यवस्था संभाल रहे कई जीएम, इंजीनियरों ने चेन्नई जाकर मेट्रो की जानकारी ली। दल शनिवार को लौटा है। चेन्नई में 45 किलोमीटर लंबी मेट्रो का संचालन हो रहा है। करीब 112 किलोमीटर का नया ट्रैक बन रहा है। इसमें करीब 45 किमी अंडर ग्राउंड ट्रैक है। अंडर ग्राउंड स्टेशन की डिजाइन ने अफसरों को प्रभावित किया है। चेन्नई मेट्रो के अफसरों से इसकी प्लानिंग मांगी गई है, ताकि इंदौर-भोपाल में इसे लागू किया जाए।

## जो स्टेशन बन गए, उनके आसपास तलाशेंगे जमीन

### पार्किंग के साथ बस-कैब स्टॉप भी

चक्रवर्ती का मल्टी मॉडल इंट्रीगेशन पर जोर है। अफसरों के मुताबिक, इसके तहत ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि मेट्रो स्टेशन पर वाहन पार्किंग के साथ सिटी-आइ बस, कैब, ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा का स्टॉप रहे। इससे यात्री मेट्रो से स्टेशन पर उतरेंगे तो उन्हें लोक परिवहन की सुविधा मिल जाएगी।

### अंडर ग्राउंड स्टेशन में पार्किंग फ्लोर

अफसरों के मुताबिक, चेन्नई मेट्रो में अंडर ग्राउंड स्टेशन में वाहन पार्किंग के साथ लोक परिवहन के वाहनों के स्टॉप की अच्छी व्यवस्था है। पहले चरण में जितने स्टेशन बन गए हैं, वहां पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। अफसरों को स्टेशन के आसपास करीब 300 मीटर में सरकारी जमीन की तलाश के लिए कहा गया है, ताकि उसका अधिग्रहण कर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन के तहत व्यवस्थाएं की जाएं। अंडर ग्राउंड स्टेशन की डिजाइन बदलकर वहां पार्किंग के लिए एक मंजिल बढ़ाने का प्लान है, ताकि लोगों को सुविधा हो। डायरेक्टर अजय शर्मा के मुताबिक, अभी चेन्नई से लौटे हैं। स्टडी के आधार पर फैसला लिया जाएगा।

29/07/2024 | Indore City | Page : 2
Source : https://epaper.patrika.com/

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | पत्रिका | इंदौर | 31.07.2024 | 03 | वडोदरा से इंदौर चला मेट्रो का छठा कोच | Positive |

INDOREPRIME
इंदौर प्राइम
03
पत्रिका patrika.com
इंदौर, बुधवार 31 जुलाई 2024

#Metro: कमर्शियल रन की तैयारी तेज, 1 या 2 अगस्त को डिपो में पहुंचेगा

# वडोदरा से इंदौर चला मेट्रो का छठा कोच

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने दिसंबर में होने वाले प्रायोरिटी कॉरिडोर की तैयारियां तेज कर दी हैं। भविष्य की जरूरत को देखते हुए एक और कोच वडोदरा से इंदौर के लिए मंगवाया है, जो लगभग एक या दो अगस्त को इंदौर गांधी नगर डिपो पहुंचेगा। बता दें कि अभी डिपो में पांच कोच पहुंच चुके हैं।

जानकारी के मुताबिक मेट्रो कोच वडोदरा के सांगली से ट्रॉलों में रवाना हो चुकार हैं। बीते साल 30 अगस्त को मेट्रो कोच का पहला सेट तो 26 दिसंबर को दूसरा, 9 जनवरी को तीसरा सेट लाया गया। इस साल 22 फरवरी को चौथा और पांचवां सेट वडोदरा से इंदौर लाए हैं। डिपो में पहुंचने वाले छठे कोच को पहले 900 मीटर के टेस्टिंग ट्रैक पर जांचा जाएगा।



फाइल फोटो

## स्टेशन का काम पूरा करने पर फोकस

गांधी नगर डिपो से सुपर कॉरिडोर स्टेशन 2 तक कमर्शियल रन इसी साल दिसंबर में होना है। प्रायोरिटी कॉरिडोर के 5.9 किमी के रूट में एलिवेटेड कॉरिडोर, ट्रैक, थर्ड लेन और सिग्नलिंग सहित अन्य काम लगभग पूरे हो चुके हैं। अब केवल पांच स्टेशन का काम पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है, जिनका काम दिसंबर तक कमर्शियल रन करने से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

## इंदौर उज्जैन के बीच मेट्रो के लिए बनेगी डीपीआर

सरकार ने इंदौर से उज्जैन और इंदौर से पीथापुर के बीच मेट्रो चलाने की घोषणा कर रखी है। इंदौर से उज्जैन के लिए मेट्रो प्रोजेक्ट की डीपीआर बनाने का काम दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को दिया है। अधिकारियों की टीम आज रूट का निरीक्षण करेगी।

शहर में चल रहे मेट्रो कॉरिडोर के काम के साथ दो कॉरिडोर इंदौर-उज्जैन और इंदौर-पीथमपुर के लिए तकनीकी सलाह देने का कार्य दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को दिया है। दिल्ली मेट्रो की टीम ने सर्वे करके अपनी रिपोर्ट भी शासन को दे दी है।

उज्जैन, इंदौर, पीथमपुर लाइन के प्रथम चरण के रूप में महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन-नानाखेड़ा बस स्टैंड से लवकुश चौराहा इंदौर को जोड़ने के लिए डीपीआर बनाने का कार्य दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा किया जाएगा। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इसका पत्र भी जारी किया हैं। अफसर के मुताबिक अधिकारियों की टीम बुधवार को इंदौर आ रही है। टीम स्थानीय अफसर के साथ लवकुश चौराहे से उज्जैन तक का दौरा कर निरीक्षण करेगी और प्राथमिक रूप से डीपीआर का काम शुरू होगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | पत्रिका | इंदौर | 31.07.2024 | 05 | इंदौर-उज्जैन मेट्रो रेल की डीपीआर बनाएगा दिल्ली मेट्रो | Neutral |

पत्रिका पॉलिटिक्स & मध्यप्रदेश
POLITICS MADHYAPRADESH
patrika.com
05 पत्रिका patrika.com
इंदौर, बुधवार, 31 जुलाई, 2024

## ■ इंदौर-उज्जैन मेट्रो रेल की डीपीआर बनाएगा दिल्ली मेट्रो

**भोपाल@पत्रिका.** इंदौर शहर के लिए 84 किमी के साथ दो कॉरिडोर इंदौर-उज्जैन और इंदौर-पीथमपुर तक मेट्रो ट्रेन के लिए दिल्ली मेट्रो तकनीकी सलाह दे रहा है। उज्जैन, इंदौर, पीथमपुर लाइन के पहले चरण में महकाल मंदिर उज्जैन-नानाखेड़ा बस स्टैंड से लवकुश चौराहा इंदौर को जोड़ने डीपीआर दिल्ली मेट्रो बनाएगा। मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने इसके पत्र जारी किए हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 31.07.2024 | 03 | इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए सर्वे जल्द होगा | Neutral |

दैनिक भास्कर

इंदौर 31-07-2024

Pg-03

# इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए सर्वे जल्द होगा

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो रेल कॉरपोरेशन शहर में अभी 31.32 किमी के रूट पर काम कर रहा है, लेकिन अब इंदौर से उज्जैन तक मेट्रो आगे बढ़ सकती है। इसके सर्वे का काम जल्द शुरू होने जा रहा है। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को पिछले दिनों डीपीआर के लिए पत्र लिखा था। संभवतः बुधवार को टीम इंदौर आ सकती है। प्रोजेक्ट के जीएम अजय कुमार ने बताया कि डीपीआर पर काम चल रहा है। शहर में भी गांधीनगर से रोबोट चौराहा तक रफ्तार से काम चल रहा है। इसे भी तय समय में पूरा करेंगे। कई बार जनप्रतिनिधि इंदौर-उज्जैन और इंदौर-पीथमपुर के लिए दो कॉरिडोर पर मेट्रो ले जाने की मांग कर चुके हैं। इसके लिए डीएमआरसी से तकनीकी सहायता ली जाएगी। पहले चरण के तहत महाकाल मंदिर उज्जैन-नानाखेड़ा बस स्टैंड से लवकुश चौराहा इंदौर को जोड़ने के लिए डीपीआर बनाने का कार्य दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन द्वारा किया जाएगा।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | नई दुनिया | इंदौर | 31.07.2024 | 01 | दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन बनाएगा डीपीआर इंदौर-उज्जैन, इंदौर-पीथमपुर के बीच चलेगी वंदे मेट्रो | Neutral |


नईदुनिया

नई सोच, नया अंदाज

Pg-01

इंदौर, बुधवार, 31 जुलाई, 2024

www.naidunia.com

इंदौर, भोपाल (नवदुनिया), जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित


### दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन बनाएगा डीपीआर

# इंदौर-उज्जैन, इंदौर-पीथमपुर के बीच चलेगी वंदे मेट्रो

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया • भोपाल : सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए इंदौर उज्जैन और पीथमपुर के बीच राज्य सरकार वंदे मेट्रो रेल चलाएगी। कुल 84 किलोमीटर के साथ दो कारिडोर इंदौर-उज्जैन और इंदौर-पीथमपुर में वंदे मेट्रो रेल की सुविधा के लिए तकनीकी सलाह देने का कार्य दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा किया जा रहा है। सिंहस्थ की दृष्टि से मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने यह मेट्रो रेल चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने इस संबंध में पिछले दिनों अधिकारियों को निर्देश दिए थे। इसके बाद उज्जैन, इंदौर, पीथमपुर लाइन के प्रथम चरण के रूप में श्री महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन-नानाखेड़ा बस स्टैंड से लवकुश चौराहा इंदौर को जोड़ने के लिए डीपीआर बनाने का कार्य भी दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड ने पत्र जारी किया है।

सिंहस्थ तक यह प्रोजेक्ट धरातल पर आकार लेता है तो वंदे मेट्रो ट्रेन में इंदौर से उज्जैन महाकाल के दर्शन के लिए एक घंटे से भी कम समय में पहुंचा जा सकेगा। सिंहस्थ के दौरान उज्जैन शहर में अनुमानित 14 करोड़ श्रद्धालु पहुंचेगे। इंदौर से उज्जैन जाने वाले लोगों की संख्या में भी काफी इजाफा होगा। ऐसे में वंदे मेट्रो ट्रेन इंदौर से उज्जैन जाने वालों के लिए बेहतर विकल्प होगी।



वंदे मेट्रो इंदौर उज्जैन • फाइल फोटो

### आज इंदौर पहुंचेगी डीएमआरसी टीम

इंदौर : सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौर और उज्जैन के बीच मेट्रो चलाने की हलचल तेज हो चुकी है। इंदौर के लवकुश चौराहे से महाकाल तक 45 किमी रूट पर मेट्रो चलाने की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। डीएमआरसी की टीम बुधवार को इंदौर पहुंचेगी और मेट्रो रूट का निरीक्षण कर डीपीआर का कार्य प्रारंभ करेगी। इंदौर-उज्जैन के बीच आठ स्टेशन बनाने की संभावना भी जताई है। विगत वर्ष ट्रायल रन के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर उज्जैन के बीच मेट्रो चलाने की घोषणा की थी।